# कार ने बाइक सवार को घसीटा

## बीती रात मंडी थाना क्षेत्र के हाइवे पर हुआ सड़क हादसा, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 नवंबर. बीती रात भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम मुगीसपुर के समीप बाइक पर गांव जा रहे दो युवकों को पीछे से आ रही कार ने कुचल डाला. इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक कार में उलझकर आधा किलोमीटर तक घिसटता गया. उसे गंभीर चोटें आने पर प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर करते हुए पुलिस ने कार चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है.**

दो दिन पूर्व इछावर मार्ग पर सड़क हादसे में शिक्षक सहित दो लोगों की मौत और हाईवे पर फंदा टोल के समीप एक बाइक चालक की मौत की सुर्खियां ताजी ही थीं कि बीती रात भोपाल- इंदौर हाईवे पर ही ग्राम मुगीसपुर के समीप एक लोमहर्षक हादसा घटित हो गया. बताया जाता है कि शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे गुड़भेला निवासी कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा बाइक से सीहोर से गुड़भेला गांव की तरफ जा रहे थे. जब यह मुगीसपुर के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी. इससे बाइक डिवाइडर से टकराई. इस हादसे में कृष्णा की मौत हो गई जबकि उसका साथी शुभम वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया. उसे नर्मदा अस्पताल भोपाल में भर्ती कराया गया है. जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है.



सीहोर. सड़क हादसे में मृतक कृष्णा वर्मा और गंभीर रूप से घायल शुभम वर्मा.

गौरतलब है कि 26 सितंबर को सैकड़ाखेड़ी जोड़ के पास मॉर्निंग वॉक कर रहे युवकों को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी थी. इस हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए थे जिन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया था, जबकि दूसरे का उपचार जारी है. स्टेट हाईवे पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है. दो दिन पहले भोपाल से गांवों में कपड़े बेचने बाइक से जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी.

### आधा किमी तक कार के साथ घिसटता रहा युवक

घायल युवक के चाचा हरि ओम वर्मा ने बताया कि शुभम मेडिकल दुकान पर काम करता है. जबकि मृतक युवक इंदौर में पढ़ रहा था. रात को सीहोर से जब यह दोनों घर आ रहे थे तो पीछे से अंधी रफ्तार से आ रही कार के चालक ने इन्हें टक्कर मारी. इसके बाद शुभम कार में फंस गया तो उसे यह काफी दूर तक घसीटते हुए ले गया. आगे जाकर किसी वाहन चालक ने उसकी कार को रोका तब जाकर शुभम को बाहर निकाला लेकिन इस बीच कार चालक भाग गया. लोगों ने बताया कि कार में बुरी तरह फंसा युवक करीब आधा किमी तक घिसटता हुआ गया. इससे उसका शरीर पर गहरे घाव हो गए. उसे गंभीर हालत में भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## गुलामी की मानसिकता छोड़िए : लक्ष्मण सिंह

नवभारत न्यूज

**गुना।** राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की भावना के साथ शनिवार को पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक समरसता यात्रा निकाली। यात्रा निहालदेवी माता मंदिर से शुरू होकर ग्राम मारकीमऊ के हाट बाजार तक पहुंची, जिसका समापन एक नुक्कड़ सभा के रूप में हुआ। समरसता यात्रा के दौरान मारकी मऊ में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए लक्ष्मण सिंह ने चिंता जताई कि उन्हें जानकारी मिली है कि इस क्षेत्र से 30 से 35 हजार मजदूर काम करने के लिए बाहर जा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं सुना जाता था। पूर्व सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आम नागरिकों को डराने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिजली कंपनी सहित तमाम अधिकारी क्षेत्र की सीधी-साधी जनता को डराकर रखते हैं। उन्होंने गुलामी की मानसिकता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि नेताओं को हौआ बना रखा है, जबकि नेता आपके ही हैं। इसलिए अपनी बात रखने की जागरूकता आना चाहिए।

# थोक सब्जी मंडी में रोजाना जाम के हालात

**लोगों को पैदल निकलने में हो रही काफी परेशानी**

**समुचित पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने की मांग**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ।**

**शहर के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बस स्ट्रेंड के पीछे सुधा सागर मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी मार्ग पर इन दिनों सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर तक यातायात व्यवस्था बेलगाम होती नजर आ रही है, दिन में कई बार यहां जाम को स्थिति निर्मित हो रही है। इसका कारण सिर्फ और सिर्फ थोक सब्जी मंडी में लगने बाली दुकाने व्यवसथित नहीं लगाना माना जा रहा है। सुबह के समय ग्रामीण क्षेत्रों से टेक्सी एवं चार पहिया वाहनों से आने वाली सब्जी के कारण यहां के हालात खराब हो जाते है। लोगों को यहां से पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में सुबह के समय मनमाने तरीके से खड़ी गाड़ियां तथा हाथ ठेले यातायात व्यवस्था को और भी ज्यादा पेंचीदा बना रहे है।



### नहीं सुधर रहा ट्रैफिक सिस्टम

इसी प्रकार मुख्य बाजार में वाहनों की कतार लग जाने से सबसे ज्यादा समस्या बनती है। जिसको देखते हुए स्थानीय लोगों द्वारा ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने की मांग की है। दरअसल जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा कई बार जाम को लेकर सख्ती जरूर बरती गई। लेकिन इसके कोई सार्थक परिणाम नहीं आए हैं। फिर से नगर की ट्रैफिक व्यवस्था के हालत जस की तस हो गई हैं। नगर के मुख्य रास्ते पर घण्टों बेतरतीब खड़े वाहन लोगों के लिए परेशानी से कम नहीं है। नगर में करीब एक दर्जन से अधिक ऐसे स्थान हैं, जहां हर घंटे जाम के हालात बन जाते हैं।

यातायात पुलिस का कोई जबान यहां दिखाई नहीं देते है। जिससे यहां घंटों लोगों को जाम का शिकार होना पड़ता है। ट्रैफिक पुलिस केवल नगर के बाहर चालान काटने में व्यस्त रहती है, जबकि यातायात की व्यवस्था सुधारना अत्यंत आवश्यक माना जा रहा है।

यातायात पुलिस भले ही शहर से बाहर चेकिंग अभियान चला कर महज खानापूर्ति कर रही हो लेकिन शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से यह हालात अब गंभीर रूप लेते जा रहे है।


# कोहरे के आगोश में रही सुबह

## क्षेत्र में सर्दी फसलों के लिए अच्छी मानी जा रही है

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 22 नवम्बर, क्षेत्र में इन दिनों सुबह के समय कोहरा दिखाई दे रहा है. शहर शनिवार की सुबह भी कोहरे के आगोश में डूबा रहा. इस दौरान शीतलहर ने लोगों को सर्दी का अहसास कराया. क्षेत्र में सर्दी फसलों के लिए अच्छी मानी जा रही है.**

सिरोंज क्षेत्र में शनिवार की सुबह चारों ओर कोहरा दिखाई दिया. इस दौरान सुबह 9 बजे तक शहर कोहरे के आगोश में रहा. कोहरे के कारण सड़कों पर



दृश्यता में भी कमी रही. जिसके कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखाई दी. वाहन चालकों को सुबह वाहनों की हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा. वही बाद में धूप निकलने पर कोहरे में कमी आई. जिससे लोगों ने राहत की सांस ली. क्षेत्र में इन दिनों शीत लहर के कारण तापमान में कमी दिखाई दे रही है. शीतलहर के कारण जहां रात्रि का तापमान करीब 12 डिग्री से. तक पहुंच गया है.

शीतलहर ने लोगो को ठंडक का अहसास कराया. तापमान में कमी एवं शीतलहर के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित होती दिखाई दी. सर्दी के कारण सुबह एवं रात्रि के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. इस दौरान लोगों की बाजारों में आवाजाही कम दिखाई दे रही है.

## गणना पत्रों की जानकारी लेकर दिए निर्देश

**टीकमगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने तहसील बड़ागांव धसान में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने मतदाताओं द्वारा गणना पत्रक भरने के पश्चात बीएलओ द्वारा किये जा रहे डिजिटाईजेशन कार्य की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री श्रोत्रिय ने बीएलओ को निर्देश दिए कि ऐसे बीएलओ जिन्हें फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं वह जल्द से जल्द फ ॉर्म को डिजिटली रजिस्टर्ड करें।

# एसआईआर के काम में लगे शिक्षक

## स्कूल 3 दिन से बंद परीक्षाओं का समय टाला, संकुल प्राचार्य ने कहा करेंगे वैकल्पिक व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**विदिशा 22 नवम्बर, निर्वाचन के काम में लगे स्कूल शिक्षकों के स्कूल न पहुंचने के चलते सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है.**

शहर के ही एक सरकारी स्कूल में तीन दिन से ताले लटके हैं बच्चों स्कूल में ताला लगा देखकर वापस चले जाते हैं. ऐसे हालात शहर के एक स्कूल के नहीं बल्कि कई स्कूलों के जहां पर समय पर स्कूल नहीं लग पा रहे हैं. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्कूलों के मामले सामने आ





रहे है जहां पर तैनात शिक्षकों में से कुछ की डियटी निर्वाचन के एसआईआर में लगा दी गई है.जिसके चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

जिला मुख्यालय पर गर्ल्स स्कूल संकुल के अंतर्गत हाई रोड पर स्थित प्राथमिक शाला सिंधी शाला में पिछले तीन दिनों से ताले लगे हुए हैं बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है क्योंकि यहां पदस्थ एक शिक्षिका को एसआइआर कार्य में बूथ लेवल ऑफिसर के सहयोगी के रूप मे लगाया गया है.

## स्टाम्प विक्रेता संतोष वर्मा का लायसेंस किया निलंबित

**नर्मदापुरम** वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम ने बताया कि सिवनी मालवा के मुद्रांक (स्टाम्प) विक्रेता श्री संतोष वर्मा का लायसेंस कलेक्टर ऑफ स्टाम्प, नर्मदापुरम द्वारा निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सिवनी मालवा के निवासी श्री कोदुलाल बरखने की शिकायत पर की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वर्मा ने स्टाम्प अधिक मूल्य पर बेचे हैं। जांच के दौरान शिकायत सही पाई गई और इस आधार पर कलेक्टर ऑफ स्टाम्प ने तत्काल प्रभाव से उनका लायसेंस निलंबित कर दिया.

## एक नजर में



### अस्पताल को भेंट किया हाईटेक पलंग

**सीहोर.** पिछले दिनों जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा और नीरज शर्मा के पिताजी का लंबी और गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया था. जिसके बाद माताजी की प्रेरणा से दोनों भाईयों ने शनिवार को जिला अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आरके वर्मा को आईसीयू वार्ड के मरीजों के लिए एक नया अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त पूर्ण स्वचालित पलंग दान किया. यहां भर्ती बुजुर्ग मरीजों के लिए डायपर्स के पैकेट भी भेंट किए. कार्यक्रम में डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, सतीश दरोठिया, जय सिंह भारती आदि उपस्थित रहे.

### डॉ.साहब से मिल रही भ्रष्ट अधिकारी को संजीवनी

**सारनी।** जिले की सबसे बडी नगर पालिका सारनी में कमीशनखोरी चरम सीमा पर है। इतना ही नहीं मटेरियल सप्लाई के नाम पर साल भर में करोड़ो रुपयों के गोलमाल करके नपा को भारी चपत लगाई जा रही है। बताया जाता है कि नपा सीएमओ को डॉक्टर साहब 3 बार संजीवनी की खुराक पीला चुके है। इसी वजह से कमीशनखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। नपा सारनी में सबसे ज्यादा भाजपा का कब्जा रहा है। भ्रष्ट अधिकारी को जैसे ही भाजपा का संरक्षण मिलता है, उसके पुराने पाप धूल जाते है। गौरतलब है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई बार पोल खुल चुकी है, परन्तु कमीशनखोरी के चलते किसी भी ठेकेदार पर घटिया निर्माण कार्य करने पर गाज नहीं गिरी है। बताया जाता है कि नगरपालिका में मटेरियल सप्लाई लंबे समय से चोरी छुपे चल रहा है। इतना ही नहीं आधी अधूरी सप्लाई को कागजो में पूरा दर्शाकर लाखो रुपयों का गोलमाल किया जाता है।

### शरद शर्मा की भजन संध्या आज

**गंजबासौदा,** श्रीराम रस धारा परिवार द्वारा आयोजित किए जा रहे चक्रवर्ती श्रीराम बारात महोत्सव की श्रृंखलाबद्ध आयोजनों ने पूरे नगर का वातावरण रामभक्ति से भर दिया है. 25 नवंबर को निकलने जा रही भव्य और दिव्य श्रीराम बारात के पूर्व कार्यक्रमों के आयोजनों के पहले ही नगर राममय है. रविवार को विवाह महोत्सव के अंतर्गत सियाराम जी की माता पूजन सुबह 11 बजे शीतला माता मंदिर से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होगी जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी .आयोजन समिति ने बताया कि माता पूजन के बाद शाम को महोत्सव के भक्ति वातावरण में गांधी चौक पर शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित की गई है. कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक शरद शर्मा (सारेगामा फेम) अपनी प्रस्तुति देंगे.

### कोरवासा में हुआ सप्तशक्ति संगम

**सिरोंज**, सरस्वती शिशु मंदिर कोरवासा में शनिवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांतीय अधिकारी जयश्री रघुवंशी, जिले की सप्तशक्ति संगम टोली सदस्य पूजा दांगी तथा सरपंच विमलेश धाकड़ मौजूद रहीं. इस आयोजन में कोरवासा सहित आसपास के ग्रामों से मातृशक्ति सम्मिलित हुई. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जयश्री रघुवंशी ने कुटुंब प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा पंच परिवर्तनों पर अपने विचार रखे. वही पूजा धाकड़ ने सरस्वती वंदना एवं भूरी कुमारी ने प्रस्तावना व प्रश्नोत्तरी का वाचन किया. इस दौरान महिलाओं ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किये. इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने सामाजिक जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अनुष्का धाकड़ ने किया.

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

**आठनेर। आठनेर। शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर आयोजित किए गए यूनिटी मार्च में मांडवी जावरा जोड़ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

यूनिटी मार्च में स्कूली बच्चो, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। जावरा जोड से 9 किलोमीटर लंबा पैदल यूनिटी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष



सुधाकर पवार, जिला पंचायत सदस्य अर्चना गायकी, जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, जनपद अध्यक्ष रोशनी इवने,नंप अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, सुनील टेकपुरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सरकारी विभागों के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए थे।। आठनेर पहुंची यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, ने बताया कि सरदार पटेल ने नये भारत का सपना देखा था। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पटेल के भारत को साकार करने में लगे हैं।

सरदार पटेल ने नेतृत्व क्षमता से देश को एक सूत्र में बांधे रखा था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने पार्टी का विज़न बताते हुए उद्बोधन दिया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,के नेतृत्व में नया भारत विकसित हो रहा है। भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रदेश में समान अधिकार के साथ लाडली बहना के खाते में 1 हजार 500 रूपए प्रतिमाह की राशि दी जा रही है। भाजपा पार्टी व्यक्ति विशेष की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है।



# तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार छात्र को रौंदा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। कोलुआ रोड़ स्थित विवेकानंद स्कूल के समीप एक तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार 13 वर्षीय छात्रा को रौंद दिया, जिससे उसका पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। तो वहीं स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।**

वहीं घटना के बाद मौके पर एकत्रित लोगों ने घायल छात्रा को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को भोपाल रैफर कर दिया। वहीं घटना के बाद शहरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और हादसे को लेकर तरह-तरह की अटकले लगाते हुए नजर आए। इस दौरान किसी ने हादसे का कारण परिजनो की लापरवाही बताया, जो नाबालिग बच्चे को स्कूटी दे दी, तो वहीं कई लोगों ने इस हादसे का कारण नगरपालिका द्वारा सड़क के बीचो बीच लगाए गए डिवाईडर और अतिक्रमण बताया।

दरअसल रामपुरा मोहल्ला निवासी देव पुत्र राजभान सिंह यादव अपने छोटे भाई बहन खुशी एवं अमन के साथ आधार शिला स्कूल में पढ़ता था, जो रोज की तरह स्कूटी पर सवार होकर स्कूल जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसकी स्कूटी में डक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि स्कूटी सवार छात्रा डंपर के पहिये के नीचे करीब दस फीट तक घिसटा। जिसमें देव का दहिना पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में छात्र के घायल होने की जानकारी लगने के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और वह अपना आक्रोश सोशल मीडिया पर जाहिर करते नजर आए। इस हादसे को लेकर जहां कुछ लोगों ने इसे लापरवाही बताया, तो वहीं कई लोगों ने हादसे का जिम्मेदार सड़क पर लगे डिवाईडरों को बताने के साथ ही सड़क पर फैला अतिक्रमण बताया। इसके अलावा कई लोगों ने बेलगाम होते डंपरों को हादसे का कारण बताया।

# करोड़ों की ठगी करने वाला गिरोह शिकंजे में

- अंतर्राज्यीय गिरोह के 14 आरोपी सरगना सहित धराए
- लुभावने नामों की कंपनी बनाकर किसानों को ठगा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 22 नवम्बर, का. मध्य प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में किसानों से करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए. इस गैंग के सरगना सहित 14 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा नगदी, मोबाइल सहित 26 लाख 72 हजार रुपए का सामान जप्त किया है.**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया गया. राजगढ़ पुलिस टीम ने छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, झारखंड एवं मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के किसानों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय ठग गिरोह के 14 सदस्यों को योजनाबद्ध एवं सटीक कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश से दबोच लिया है. पुलिस द्वारा इनके पास से 16 लाख 16 हजार रुपये नगद, 20 कार कीमत 10 लाख रुपये, 28 मोबाइल कीमत 56 हजार रुपये बरामद किया है.

### लालच देकर बना रहे थे फर्जी दस्तावेज

गैंग के सदस्यों के द्वारा कंपनी के लेटरहेड, सील, बैनर, विजिटिंग कार्ड आदि पूरी तरह प्रोफेशनल बनाए जाते. दूसरों के नाम पर सिम व बैंक खाते, गरीब व अनजान लोगों को लालच देकर उनके नाम से फर्जी सिम कार्ड, बैंक खाते, कंपनी दस्तावेज बनवाते. गैंग के सदस्य अपनी वास्तविक पहचान पूरी तरह छुपा कर रखते थे. ऑफिस सेटअप करके विश्वास बनाते हुए किराए से कमरे लेकर अस्थायी ऑफिस बनाते थे. कंपनी प्रतिनिधि बनकर किसानों को उन्नत पौधों, पाली हाउस, सब्सिडी, फेंचाइजी दिलाने का लालच देते थे. गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करते. सरकारी योजनाओं जैसा माहौल बनाकर भरोसा जीतते थे.

## पिता-पुत्र ने पीटा

**ललितपुर.** देवगढ़ रोड जुगपुरा निवासी जयपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है. बताया कि उसका छोटा भाई मुकेश पुत्र ऊदल सिंह कुछ सामान लेने के लिए पास की किराने की दुकान पर गया था. तभी दुकान मालिक बिट्टू जैन व राकेश जैन की किसी बात को लेकर उसके भाई से कहा सुनी हो गयी, जिससे दुकानदार का पुत्र व पिता ने उसके भाई को गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी. लाठी-डंडों से मुकेश की पिटाई करते हुये उक्त लोगों ने उसका मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया और धमकाया, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

**भीषण आग** विजयपुर स्थित गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गैल) के प्लांट की पार्किंग में

# खाली गैस टैंकर में लगी भीषण आग, टला बड़ा हादसा

नवभारत न्यूज

**गुना। जिले के विजयपुर स्थित गैस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गैल) के प्लांट की पार्किंग में शनिवार सुबह एक गैस टैंकर में अचानक भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि जिस टैंकर में आग लगी थी, वह पूरी तरह से खाली था, जिससे एक बड़ा और विनाशकारी हादसा टल गया।**

घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। गैल का विजयपुर प्लांट गैस सप्लाई का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, और इस वजह से प्लांट की पार्किंग में बड़ी संख्या में गैस टैंकर खड़े रहते हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह पार्किंग में खड़े एक टैंकर में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों के भीतर, आग ने पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया और उसमें से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे पार्किंग एरिया में हडकंप मच गया।

वहां मौजूद अन्य टैंकर चालकों और कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना प्लांट प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही, गैल की अपनी फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। प्रबंधन के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टैंकर खाली होने के कारण किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। यदि टैंकर गैस से भरा होता, तो यह एक अत्यंत गंभीर और बड़ा हादसा साबित हो सकता था। प्लांट प्रबंधन ने इस घटना की जाँच शुरू कर दी है कि पार्किंग में खड़े टैंकर में अचानक आग कैसे लगी। इस घटना ने प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था और टैंकरों की नियमित जाँच को लेकर कुछ सवाल खड़े किए हैं.

प्रारंभिक जाँच में आग लगने का कारण टैंकर के अगले हिस्से से निकली चिंगारी को माना जा रहा है, जिसने देखते ही देखते पूरे टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया। विजयपुर थाना प्रभारी रितुराज सिंह ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्किंग क्षेत्र में खड़े एक टैंकर में आग लगी थी, जिसे फायर ब्रिगेड ने त्वरित कार्रवाई कर बुझा दिया।

## सीजन में पहली बार दिखा कोहरा

**सीहोर.** हवा का रुख उत्तर से बदलकर पूर्वी होने से भले ही तेज ठंड से लोगों को राहत मिली हो लेकिन हवा की रफ्तार बहुत कम होने से सीजन में पहली बार कोहरा छाया. हालांकि कोहरे में दृश्यता 60 से 70 मीटर रही. ऐसे में अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे मौसम साफ रहेगा, लेकिन हवा का रुख पूर्वी होने से तापमान में गिरावट कम होगी, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से तेज ठंड की संभावना बन सकती है. मौसम विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पिछले दिनों हवा का रुख उत्तरी होने और हवा की रफ्तार अधिक होने से न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई थी।